# यूपी भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने में सहायता करेगा

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने **कानपुर के साढ़ में** रक्षा गलियारा में अडाणी समूह के **गोला बारूद विनिर्माण परिसर** का उद्घाटन किया।

## मुख्य बिंदु:


- उन्होंने बताया कि रक्षा गलियारे के सभी **छह नोड** रक्षा विनिर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।
- यूपी में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिये **IIT कानपुर** और **IIT बीएचयू** को **उत्कृष्टता केंद्र** के रूप में नामित किया गया है।
- सीएम ने यह भी घोषणा की कि नोएडा की स्थापना के 46 वर्ष बाद राज्य सरकार बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के रूप में एक **नया औद्योगिक शहर** स्थापित करने जा रही है।

## यूपी का रक्षा औद्योगिक गलियारा

- यह एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना है जिसका उद्देश्य **भारतीय एयरोस्पेस और रक्षा** क्षेत्र की विदेशी निर्भरता को कम करना है।
- इसमें 6 नोड्स होंगे- अलीगढ़, आगरा, कानपुर, चित्रकूट, झाँसी और लखनऊ।
- उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA) को राज्य की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर इस परियोजना को निष्पादित करने के लिये **नोडल एजेंसी** बनाया गया था।
- इस कॉरिडोर/गलियारे का उद्देश्य **राज्य को सबसे बड़े और उन्नत रक्षा विनिर्माण केंद्रों में से एक के रूप में स्थापित करना** एवं विश्व मानचित्र पर लाना है।

## रक्षा गलियारा (Defence Corridor)

- **रक्षा गलियारा** एक मार्ग या पथ को संदर्भित करता है जिसका उपयोग **सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र** और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों द्वारा रक्षा उपकरणों के घरेलू उत्पादन के साथ-साथ रक्षा बलों हेतु उपकरण/परिचालन क्षमता को बढ़ाने के लिये किया जाता है।
- इससे **रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने** और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी, जिससे **हमारा आयात कम होगा और अन्य देशों के लिये इन वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।**
- यह प्रौद्योगिकियों के सहक्रियात्मक विकास के माध्यम से **रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र** को प्रोत्साहन प्रदान करेगा, **MSME** और स्टार्ट-अप सहित **निजी घरेलू निर्माताओं** के विकास को बढ़ावा देगा।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-to-help-india-become-self-reliant-in-defence-production